# महत्वपूर्ण सूचना

# केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800023

**(वेबसाइट –www.csbc.bih.nic.in)**

**संदर्भ : विज्ञापन संख्या-05/2019**

**विज्ञापन संख्या 05/2019 के अंतर्गत बिहार पुलिस संगठन में चालक सिपाही के पद पर चयन से संबंधित शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन हेतु सूचना**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार पुलिस संगठन में 'चालक सिपाही' पद की 1722 रिक्तियों के विरूद्ध दिनांक 29.11.2019 को विज्ञापन संख्या 05/2019 प्रकाशित किया गया था।

2. प्रकाशित विज्ञापन एवं ''बिहार पुलिस चालक संवर्ग नियमावली-2017'' एवं अन्य संगत अधिसूचनाओं में निहित प्रावधान के आलोक में चालक सिपाही की सीधी भर्ती हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 03.01.2021 (रविवार) को आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा के आधार पर पात्र उम्मीदवारों को अगले चरण ''शारीरिक दक्षता परीक्षा'' के लिए चयनित कर परीक्षाफल दिनांक 15.04.2021 को पर्षद के वेबसाइट पर तथा बिहार के दैनिक समाचार-पत्रों में प्रकाशित किया गया ।

3. उपरोक्त चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दिनांक 07 मई, 2021 से शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल), गर्दनीबाग, पटना-800002 में आयोजित की जायेगी । शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु ई0-प्रवेश-पत्र दिनांक-25.04.2021 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in के "Bihar Police" टैब पर उपलब्ध रहेगा । जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई-प्रवेश-पत्र Download नहीं कर सकें वे दिनांक 04 मई, एवं 05 मई, 2021 को केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना- 800001 स्थित पर्षद कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपना डुप्लिकेट प्रवेश-पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं । स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश-पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा ।

4. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) हेतु निर्धारित समय एवं स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र पर दर्ज है।

5. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान ही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की भी जाँच की जाएगी । इसके लिए अलग से अवसर नहीं दिया जाएगा ।

6. शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के अवसर पर सभी अभ्यर्थी अपने प्रवेश-पत्र तथा अपने आवेदन-पत्र की पावती की छायाप्रति के अतिरिक्त निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्रों तथा उनकी एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :

    i. वैध फोटोयुक्त पहचान-पत्र (जैसे- आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) ।

    ii. ड्राईविंग लाईसेंस मूल रूप में (विज्ञापन की तिथि 29.11.2019 से कम से कम एक (01) वर्ष पूर्व अर्थात (29.11.2018 तक या इसके पूर्व का निर्गत हल्का मोटर वाहन (LMV)/भारी मोटर वाहन (HMV) की अनुज्ञप्ति)।

    iii. ड्राईविंग लाईसेंस सत्यापन प्रपत्र मूल रूप में ।

iv. मैट्रिक एवं इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का मूल शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।

v. जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति),

vi. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) के जाति प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा ।

vii. क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।

viii. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए)।

ix. बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नातीनी (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र (बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–11687/सा0प्र0, दिनांक–30.08.2016 में विहित प्रपत्र के अनुसार) ।

x. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र । बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक 26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में ।

xi. बिहार पुलिस संगठन में चालक सिपाही के पद पर पूर्व में अथवा पूर्व से संविदा नियोजित अभ्यर्थियों को संविदा नियोजन की वास्तविक अवधि तक का ''नियोजन प्रमाण–पत्र'' (नियंत्री पदाधिकारी द्वारा निर्गत) लाना अनिवार्य होगा ।

xii. भारतीय मूल के गोरखा (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र ।

7. सभी उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या–05/2019 में वर्णित सभी शर्तों / प्रावधानों का अनुसरण करना अनिवार्य होगा ।

8. कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए जाने पर अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

9. मात्र कोरोना संक्रमित होने के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि बदलने पर विचार किया जा सकता है । इस निमित अभ्यर्थी को अपनी निर्धारित तिथि के पूर्व प्रामाणिक पोजिटिव कोरोना रिपार्ट के साथ आवेदन करना अनिवार्य है ।

10. शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रियाओं का अनुपालन करेंगे ।

11. अभ्यर्थी हमेशा मास्क लगाए रहेंगे तथा अपने साथ सेनिटाइजर, पानी आदि की व्यवस्था रखेंगे।

**ह0/–**

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

**<u>ज्ञापांक 39/के0च0प0(सू0)</u>**

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

**दिनांक–20/04/2021**